पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, कार्तिक 04, 1945
गुरुवार, अक्टूबर 26, 2023

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

उन्हें "भारत-बांग्लादेश मैत्री" की नींव कहा

बांग्लादेश का स्वतंत्रता संघर्ष समकालीन इतिहास में महान आंदोलनों में से एक है: आरआरएम

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने अक्टूबर 26, 2023 को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लिया, 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "हम सभी यहां अपने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं जिनका बलिदान भारत और बांग्लादेश के इतिहास में महत्वपूर्ण है तथा 'भारत-बांग्लादेश मैत्री' की नींव है। “मैत्री, बंधुत्व, फ्रेंडशिप" - ये भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों को परिभाषित करने वाले शब्द हैं। वे एक अपरिवर्तनीय संबंध को परिभाषित करते हैं, जो 1971 में बांग्लादेशी मुक्ति संग्राम के मुक्तियोद्धाओं की वीरता और बलिदान से प्रेरित होकर लोगों के बीच स्थापित हुआ है।

बांग्लादेश के स्वतंत्रता संघर्ष को समकालीन इतिहास के सबसे बड़े आंदोलनों में से एक बताते हुए, रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के आदर्शों ने भारत-बांग्लादेश संबंधों की नींव रखी, जिन्हें बनाए रखा जाना चाहिए, बढ़ाया जाना चाहिए और युवा पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। बांग्लादेश युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने एक महान कार्य के लिए बांग्लादेशी मुक्तियोद्धाओं के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक इन मुक्तियोद्धाओं ने दोनों देशों के बीच सेतु का काम किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने व्यापार एवं वाणिज्य, कनेक्टिविटी, सुरक्षा, सांस्कृतिक सहयोग, लोगों के बीच संपर्क, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई महान प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हम रेल, सड़क और जलमार्गों को पुनर्जीवित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो पारंपरिक रूप से दोनों पक्षों के लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ते हैं और साथ ही नए मार्ग भी स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सहयोग से कई विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कुछ और परियोजनाएं जल्द ही पूरी हो जाएंगी।

भारत और बांग्लादेश के बीच रक्षा संबंधों के बारे में विस्तार से बताते हुए, रक्षा राज्य मंत्री ने कहा: "भारत और बांग्लादेश के बीच सशस्त्र बलों का सहयोग, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति एवं क्षमता निर्माण सहित सभी क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है। दोनों देशों के पास क्षमता तथा अवसर है कि दोनों पक्षों के रक्षा बलों के बीच सहयोग के मौकों का उपयोग किया जाए और आदान-प्रदान को मजबूत किया जाए। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार को दी गई 500 मिलियन अमरीकी डालर की रक्षा एलओसी का उपयोग भी हो रहा है।"

रक्षा राज्य मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए बांग्लादेश उच्चायोग को धन्यवाद दिया और "बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान छात्र छात्रवृत्ति" प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। ये छात्र बांग्लादेश युद्ध के शहीदों के वंशज हैं।

इस अवसर पर बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम मामलों के मंत्री श्री एकेएम मुजम्मिल हक, बांग्लादेश के उच्चायुक्त श्री मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान, भारतीय और बांग्लादेशी सैनिकों के परिवार और वंशज, तथा छात्र उपस्थित थे।

एबीबी/एसएस